प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 09.04.2026 समय : 01:00 पी.एम.

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि विधायी निकायों में महिलाओं के लिए आरक्षण समय की मांग है। एक विशेष आलेख में प्रधानमंत्री ने कहा कि महिलाओं के लिए आरक्षण से लोकतंत्र और अधिक जीवंत तथा सहभागी बनेगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं के आरक्षण से जुडे महत्वपूर्ण विधेयक पर चर्चा और उसे पारित कराने के लिए 16 अप्रैल को संसद का सत्र बुलाया गया है। प्रधानमंत्री ने एक संदेश में कहा कि यह जरूरी है कि 2029 के लोकसभा चुनाव तथा आने वाले समय में विभिन्न राज्यों में विधानसभा चुनाव महिला आरक्षण के लागू होने के साथ आयोजित हों।

....

0000

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत और अमरीका के बीच आर्थिक साझेदारी साझा लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित है और यह तेजी से मजबूत हो रही है। श्री गोयल ने यह बात भारत–अमरीका ट्रेड फैसिलिटेशन पोर्टल के शुभारंभ अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि दोनों देशों द्वारा निर्धारित 500 अरब डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार लक्ष्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस दौरान उन्होंने डिजिटल परिवर्तन और मजबूत आपूर्ति श्रृंखला पर जोर दिया।

00000

भारत के ध्वज वाला एलपीजी पोत, ग्रीन आशा, आज मुंबई पहुंचा। यह पोत 15 हजार चार सौ टन एलपीजी लेकर होर्मुज जल–डमरू–मध्य पार कर गया। पोत पर सवार सभी चालक दल के सदस्य और सामान सुरक्षित है।

00000

आज विश्व नवकार महामंत्र दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर जगह–जगह नवाकार मंत्र का जाप किया जा रहा है।राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने आज भीलवाडा में आयोजित नवाकार महामंत्र दिवस समारोह में शिरकत की। उन्होंने इस अवसर पर नवकार मंत्र को भारतीय संस्कृति में रची–बसी आत्मशुद्धि, आस्था और साधना का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि ये मंत्र मनुष्य को भीतर से मजबूत बनाकर उसे बेहतर जीवन मूल्यों की ओर बढाता है। इस अवसर पर सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक भी मौजूद रहे। वहीं पाली में सुबह 8 बजे से विभिन्न मंदिरों और सार्वजनिक स्थलों पर एक साथ मंत्र का सामूहिक जाप किया गया।

0000

आकाशवाणी का जयपुर केन्द्र आज अपना स्थापना दिवस मना रहा है। जयपुर में आज ही के दिन साल 1955 में आकाशवाणी केन्द्र की स्थापना हुई थी, तब से लेकर आज तक यह राज्य की कला, संस्कृति और लोक संगीत को जन जन तक पंहुचाने में बडी भूमिका निभा रहा हैं। आकाशवाणी का जयपुर केन्द्र बहुजन हिताय बहुजन सुखाय के ध्येय के अनुरूप लगातार श्रोताओं का मनोरंजन करने के साथ जानकारियां पंहुचाने का काम कर रहा है। आकाशवाणी जयपुर के कार्यक्रम श्रोता एफएम पर 101 दशमलव 2 मेगाहर्ट्स और मोबाईल एप न्यूज ऑन एआईआर पर सुन सकते हैं।

0000

राजधानी जयपुर स्थित जवाहर कला केन्द्र ने कल अपना स्थापना दिवस मनाया। भारतीय कला और विरासत को सहेजने और कलाकारों के विकास के लिए वर्ष 1993 में जयपुर में एक अंतर्राष्ट्रीय बहुकला और संस्कृति केंद्र की स्थापना की गयी, जिसे जवाहर कला केन्द्र का नाम दिया गया। स्थापना दिवस के सिलसिले में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। आज की प्रस्तुति में कुल 14 कलाकारों की संगत के साथ गायन प्रमुख आकर्षण रहेगा।

0000

राज्य में पिछले 24 घंटों में छुटपुट स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार सबसे अधिक 21 मिलीमीटर बारिश डीग में हुई। 35 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ बाड़मेर सबसे गर्म स्थान रहा। विभाग ने अगले एक सप्ताह तक मौसम शुष्क रहने की संभावना व्यक्त की है। साथ ही अगले तीन—चार दिन अधिकतम तापमान में 3 से 4 डिग्री की बढोतरी होने की संभावना है। हालांकि एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ कल और परसों सक्रिय रहेगा। इसके प्रभाव से बीकानेर संभाग में कहीं कहीं आंशिक बादल छाये रह सकते है।

00000

हनुमानगढ जंक्शन स्थित कृषि उपज मंडी में आज न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी पर गेहूं खरीद का शुभारम्भ किया गया। जिला कलेक्टर डॉ. खुशाल यादव ने इसकी शुरूआत की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न एजेन्सियों को गुणवत्ता जांच में तेजी लाने और खरीद प्रक्रिया को सुचारू बनाने के निर्देश दिए। किसानों को राहत देते हुए जिला कलेक्टर ने बताया कि यदि कोई किसान अपनी निर्धारित तुलाई तिथि पर नहीं पंहुच पाता है तो वह उसी सप्ताह या अगले सप्ताह दोपहर तीन बजे बाद अपनी फसल बेच सकता है।

0000